दिल्ली विकास प्राधिकरण
(मुख्य योजना अनुभाग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA

सार्वजनिक सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण/केंद्र सरकार का दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11-क के अंतर्गत दिल्ली मुख्य योजना-2021/जोन 'डी' की क्षेत्रीय विकास योजना में निम्नलिखित संशोधन करने का प्रस्ताव है, जिसे जनता की जानकारी के लिए एतदद्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/कोई सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **तीस (30) दिन** की अवधि के अंदर आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली-110023 को लिखित रूप में **अथवा** ई-मेल द्वारा mpd2021.public@dda.org.in पर भेज सकते हैं। आपत्ति करने अथवा सुझाव देने वाले व्यक्ति अपना नाम, पता और टेलीफोन नंबर/संपर्क नंबर/ई-मेल आई डी भी दें, जो पठनीय हो।

प्रस्तावित संशोधन:

अवस्थिति	क्षेत्रफल हेक्टेयर (एकड़ में)	दिल्ली मुख्य योजना- 2021/क्षेत्रीय विकास योजना-2001 के अनुसार भूमि उपयोग	भूमि उपयोग जिसमें परिवर्तित किया जाना है	सीमाएँ
1	2	3	4	5
एनसीआरटीसी साइट, जंगपुरा, दिल्ली	13.49 हेक्टेयर (33.33 एकड़)	आंशिक **औद्योगिक** (विनिर्माण, सेवा एवं मरम्मत उद्योग) (एम 1)- 11.48 हेक्टेयर आंशिक **उपयोगिता** (सीवरेज शोधन संयंत्र आदि (यू 2)- 2.01 हेक्टेयर दिल्ली मुख्य योजना- 2021 के अनुसार आंशिक **विनिर्माण** (हल्के एवं सेवा उद्योग) -11.48 हेक्टेयर आंशिक **उपयोगिता** (सीवरेज शोधन संयंत्र आदि) - 2.01 हेक्टेयर जोन डी की क्षेत्रीय विकास योजना-2001 के अनुसार	परिवहन (टी 2)	**उत्तर:** रेलवे ट्रैक और जंगपुरा आवासीय क्षेत्र **दक्षिण:** रेलवे भूमि/ट्रैक **पूर्व:** एनसीआरटीसी भूमि और मथुरा रोड **पश्चिम:** रेलवे ट्रैक और जल विहार/दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय

प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ/नक्शा निरीक्षण के लिए उपर्युक्त अवधि के दौरान सभी कार्य-दिवसों में उप निदेशक कार्यालय, मुख्य योजना अनुभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002 में उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधनों को दर्शाने वाला पाठ/नक्शा निम्नलिखित लिंक अर्थात् https://dda.gov.in/mpd-2021-public-notices-2023 पर भी उपलब्ध है।

फाइल सं. एफ.21(02)/2017/एमपी

दिनांक: 21.06.2023

स्थान: नई दिल्ली

(डी. सरकार)
आयुक्त एवं सचिव,
दिल्ली विकास प्राधिकरण

हमें यहाँ फॉलो करें: ddaofficial official_dda official_dda_ Official_dda
कृपया हमारी वेबसाइट www.dda.gov.in पर जाएँ या टोल फ्री नंबर 1800110332 डायल करें